हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 25 जुलाई 2025

04 हरियाली अमावस्या पर नर्मदा घाटों पर श्रद्धालुओं ...


07 सांसी समुदाय के 36 लोगों ने आत्मसमर्पण कर थामा...




**खबर संक्षेप**

### बीमा योजना के तहत शीघ्र ही आवेदन करें

**सीहोर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ 2025 के फसल बीमा लाभ के लिए शासन द्वारा अधिसूचित क्षेत्र की अधिसूचित फसलों पर ऋणी, अऋणी एवं डिफाल्टर किसानों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। फसल बीमा कराने के लिए किसान अपना आवेदन आधार कार्ड, बही की छायाप्रति, बचत बैंक खाता की छायाप्रति एवं खरीफ के लिए निर्धारित बीमित राशि का 2 प्रतिशत प्रति हेक्टेयर प्रीमियम के साथ संबंधित राष्ट्रीयकृत बैंक, जिला सहकारी बैंक मर्यादित तथा निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर में जमा कराकर आवेदन कर सकते हैं।

### उर्वरकों के जिले के बाहर जाने पर प्रतिबंध

**सीहोर।** जिले में उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने एव कृषकों को समय पर आवश्यक मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने की दृष्टिगत रखते हुये जिले में उपलब्ध उर्वरकों का जिले से बाहर अनियमित रूप से लेजाने पर प्रतिबंध। उप संचालक कृषि ने उर्वरक नियंत्रण के तहत आदेश पारित किया है। विभाग ने बताया कि जिले में पंजीकृत समस्त उर्वरक अनुज्ञप्ति धारी विक्रेता किसी भी प्रकार जिले की राजस्व सीमा के बाहर उर्वरकों का निर्यात पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। किसी विशेष परिस्थिति में उर्वरकों का जिले से बाहर स्थानांतरण आवश्यकता उत्पन्न होती है, तो संबंधित विक्रेता द्वारा उपसंचालक कृषि, सीहोर से पूर्व स्वीकृति प्राप्त किया जाना अनिवार्य होगा।

### किसानों के खिले चेहरे, फसलों को फायदा, अभी तक जिले में हुई 20 इंच बारिश

## मौसम फिर मेहरबानः सावन में झमाझम, खेत-तालाब लबालब

**जिले में अभी तक करीब 20 इंच बारिश हो चुकी है। गुरुवार को करीब 14.3 एमएम बारिश दर्ज की गई। सबसे अधिक बारिश 38 एमएम भैरुंदा में हुई।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सावन माह में बारिश की झड़ी लग गई है, जिससे किसानों और आमजन के चेहरे खिल उठे हैं। लंबे समय से अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे किसान बारिश से राहत महसूस कर रहे हैं। गुरुवार सुबह से ही रिमझिम बारिश का सिलसिला शुरू हुआ, जो दिनभर चलता रहा। शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी बारिश का असर दिखा और कई स्थानों पर तेज बारिश की जानकारी मिली है।

### जिले में अब तक 20 इंच बारिश, कई जगह जलभराव

मौसम विभाग के अनुसार, जिले में अब तक करीब 20 इंच बारिश दर्ज की जा चुकी है। लगातार बारिश के चलते कई जगह जलभराव की स्थिति भी बनी, जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं, बच्चों और किसानों में बारिश को लेकर उत्साह देखने को मिला।



### मानसून पूरी तरह सक्रिय, फिर तेज बारिश के आसार

आरएके कॉलेज के मौसम वैज्ञानिक SS तोमर ने बताया कि जिले में मानसून पूरी तरह सक्रिय है और आने वाले दो-तीन दिनों तक इसी तरह का मौसम रहने की संभावना है। उन्होंने कहा कि कुछ स्थानों पर भारी बारिश भी हो सकती है। इस वजह से प्रशासन ने जलभराव वाले क्षेत्रों में सतर्कता बरतने की अपील की है।

**पिछले 24 घंटे में 14.3 मिमी औसत वर्षा दर्जः** जिले में पिछले 24 घंटे में सुबह 8 बजे तक 14.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान सीहोर में 5.2 मिमी, श्यामपुर में शून्य, आष्टा में शून्य, जावर में 3.0 मिमी, इछावर में 3.0 मिमी, भैरूंदा में 38.0 मिमी, बुधनी में 30.8 मिमी और रेहटी में 34.2 बारिश दर्ज की गई।

### सीहोर के बुधनी में सबसे ज्यादा 28 इंच बारिश रिकॉर्ड

जिले में 01 जून से 24 जुलाई को प्रातः 8 बजे तक 488.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 447.0 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 24 जुलाई तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 456.0, मिलीमीटर, श्यामपुर में 449.1, आष्टा में 313.0, जावर में 309.0, इछावर में 466.3, भैरूंदा में 541.0, बुधनी में 706.7 (करीब 28 इंच) तथा रेहटी में 667.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

## घर में फैला करंट युवक की मौत



**बुधनी।** शाहगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बकतरा में बीती शाम एक दर्दनाक हादसे में करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक ऐलू पार्गी पुत्र कीमा पार्गी निवासी माता पाढा थाना पेटलाबद जिला झाबुआ का रहने वाला है जो ग्राम बकतरा में मजदूरी करने आया था।बताया जा रहा है मृतक ग्राम बकतरा में रहकर मजदूरी कार्य करता था बुधवार को तेज बारिश होने के कारण काम न मिलने से घर पर ही था। घटना कल शाम 5.30 बजे की बताई जा रही है।इस दौरान मृतक अपनी पत्नी के साथ टीनशेड के मकान में सो रहा था तभी बारिश के कारण घर में करंट फैल गया और वह करंट की चपेट में आ गया हादसे में ऐलू की मौके पर ही मौत हो गई। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई जिसमे सूचना मिलने पर शाहगंज पुलिस मौके पर पहुँची और मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए बुधनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। गुरूवार सुबह मृतक का पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित



**सीहोर।** शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में विधिक सेवा प्रकृति की रक्षा कार्यक्रम के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पौधरोपण कार्यक्रम में बादाम, कदंब, जामुन, आम, पीपल, नीम बरगद, इमली, कबीट, आमला आमला सहित अन्य प्रजाति के लगभग 150 पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में न्यायाधीश एवं जिला जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव स्वप्नश्री सिंह, जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान, प्राचार्य इंजी. सीजी ढबू सहित अन्य अधिकारियों एवं शिक्षकों ने पौधरोपण किया। इस अवसर पर सभी ने पौधों का संरक्षण करने की शपथ भी ली।

### सोने-चांदी के मुकुट और लाखों की चोरी करने वाला पकड़ायाः दिन में घर-मंदिर की करता था रेकी, बैरसिया से पकड़ाया युवक



**सीहोर।** थाना अहमदपुर पुलिस ने बीते कुछ महीनों से क्षेत्र में मंदिरों और घरों में हो रही चोरियों का पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी जब्त की है। आरोपी चोरी से पहले गांव में घूम-घूमकर रेकी करता था और फिर रात के समय वारदात को अंजाम देता था। पहली घटना 5 फरवरी को ग्राम चांदबड़ जागीर स्थित हनुमान मंदिर की है, जहां से चांदी का मुकुट चोरी हुआ था। इसके बाद 17 मई को ग्राम जुगराजपुरा निवासी हिर्देश मीणा के मकान में ताला तोड़कर चोर सोने-चांदी के जेवर और नगदी चुरा ले गया। तीसरी घटना 3 जून को जुगराजपुरा के ही हनुमान मंदिर में हुई, जहां से फिर चांदी का मुकुट चोरी हुआ। आखिरी वारदात 3 जुलाई को ग्राम शंकरपुरा में सामने आई, जहां एक अज्ञात चोर घर में घुसकर आभूषण और नगदी ले गया। इन सभी घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला और एसडीओपी पूजा शर्मा के निर्देशन में थाना प्रभारी रमन सिंह ठाकुर ने टीम के साथ जांच शुरू की। तकनीकी सहायता और मुखबिर तंत्र के माध्यम से आरोपी तक पहुंचने में पुलिस को सफलता मिली। एसडीओपी पूजा शर्मा ने बताया कि आरोपी संजय बिजोरी को भोपाल जिले के बैरसिया तहसील के कराड़िया गांव से गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से लाखों रुपए के जेवरात बरामद किए गए हैं। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह चोरी से पहले गांवों में जाकर आने-जाने के रास्तों की जानकारी लेता था और फिर रात में वारदात को अंजाम देता था। पुलिस अब आरोपी से अन्य मामलों में भी पूछताछ कर रही है। वहीं ग्रामीणों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की है।

## लाड़ली बहनों से किए सभी वादे तत्काल पूरा करे राज्य सरकारः पंकज शर्मा

**सीहोर।** गुरुवार को मप्र विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के सीहोर आगमन पर कांग्रेसजनों ने जिला कांग्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा के नेतृत्व में उनसे मुलाकात कर उनको एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने मप्र में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत नए नाम जोड़े जाने के लिए सर्वे शुरू किए जाने और इसके तहत दी जा रही राशि को तीन हजार रुपए प्रतिमाह किए जाने की मांग विधानसभा अध्यक्ष से की। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा ने बताया कि मप्र में राज्य सरकार द्वारा महिलाओं की उन्नति के लिए लाड़ली बहना योजना चलाई जा रही है, जिससे प्रदेश की करोड़ों महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं और अब कई नई बहनें 21 वर्ष की आयु पूर्ण कर इस योजना के तहत पात्रता शर्तें पूर्ण करके इसके दायरे में आ चुकी हैं लेकिन मप्र सरकार ने इस योजना में नए नाम जोड़ने का कार्य बंद कर रखा है, जिससे हजारों की संख्या में महिलाएं पात्र होने के बाद भी इस योजना के लाभ से वंचित हैं और उनको आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है, जबकि पात्रता शर्तों के दायरे से बाहर निकलने वाली महिलाओं के नाम लगातार काटे जा रहे हैं। जब इस योजना के तहत ना आने पर महिलाओं के नाम काटे जा सकते हैं तो नई पात्र महिलाओं के नाम जोड़ने में राज्य सरकार को क्या दिक्कत है, ये किसी की भी समझ से परे है। पंकज शर्मा ने आगे कहा कि राज्य सरकार लाड़ली बहनों से किए अपने वादे को तत्काल पूरा करते हुए आगामी रक्षाबंधन के त्यौहार से ही सभी लाड़ली बहनों को तत्काल तीन हजार रुपए प्रतिमाह की राशि देना प्रारंभ करे, इस बढ़ोत्तरी को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाना चाहिए, इसे टालने की कोशिश प्रदेश की करोड़ों महिलाओं के साथ विश्वासघात होगा, जिसका परिणाम राज्य सरकार को आने वाले समय में भुगतना होगा। पंकज शर्मा ने विधानसभा अध्यक्ष से उनकी जनहित और महिला हित की इन दोनों मांगों को तत्काल स्वीकार करते हुए राज्य सरकार को इस बारे में आवश्यक दिशानिर्देश देने को कहा ताकि बड़ी संख्या में इस योजना के लाभों से वंचित पात्र महिलाएं इसका लाभ प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन सकें और राशि बढ़ने से राज्य सरकार की महिलाओं को स्वाबलंबी बनाने की मंशा पूर्ण हो सके। ज्ञापन सौंपने वाले कांग्रेसजनों में प्रमुख रूप से सतीश दरोठिया, राजेश रैकवाल, जयसिंह भारती, डॉ. हर्ष गुप्ता, अरुण मालवीय, रोहित जैन, रोहित प्रजापति, लोकेंद्र तिवारी, सक्षम शर्मा, समर्थ शर्मा आदि शामिल हैं।



**कलावती कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, दशहरा मैदान, आष्टा (म.प्र.)**

Recognised by MP Govt. & Affiliated to Barkatullah University, Bhoapl (M.P.)

**आवश्यकता है**

विश्वविद्यालय परिनियम 28 (कॉलेज कोड-28) के अन्तर्गत नियुक्ति

1- प्राचार्य :- 1 पद
(Salary & Eligibility as per UGC Norms)

2- सहायक प्राध्यापक :- Biotechnology, Zoology, Botany, Chemistry, Computer, IT, Maths, Microbiology, Physics, Commerce, Management, Political Science, Economics, Sociology, History, Hindi, Computer, विषयों के पद हेतु।
(Salary & Eligibility as per UGC Norms)

नोटः- इच्छुक व्यक्ति 15 दिन के अन्दर उपरोक्त पते पर सचिव/प्राचार्य को अंकसूची एवं अभिलेखों की छाया प्रति के साथ आवेदन करें। आवेदन का समय :- प्रातः 11 से 4 के मध्य।

**फोन नवंबर - 9755101751, 9826269129**

E-mail:- kalawati.college@gmail.com



## खबर संक्षेप



### जनपद सीईओ ने किया ग्राम मोगराराम में गोशाला का निरीक्षण

सीहोर। सीहोर जनपद सीईओ नमिता बघेल ने ग्राम पंचायत मोगराराम स्थित राधाकृष्ण गौशाला का निरीक्षण किया। गौशाला के निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला में संचालित की जा रही व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गौशाला में चारा, भूसा, पेयजल सहित अन्य सभी व्यवस्थाएं बेहतर ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जानकारी दी गई कि गौशाला में 125 गाय हैं।

### अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती मनाई



सीहोर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सीहोर में अमर शहीद चंद्रशेखर आज़ाद की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया एवं पुष्पांजलि दी गई। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. शीलचंद्र गुप्ता, डॉ. उदय डोलस, डॉ. गणेश लाल जैन, डॉ तृप्ता झा, डॉ. आमिर एजाज एवं समस्त कॉलेज स्टाफ़ तथा विद्यार्थी उपस्थित थे।

### तार-फेंसिंग लगाने का आधा खर्च सरकार वहन करेगी

सीहोर। फसलों को जंगली जानवरों से बचाने के लिए खेतों पर तार-फेंसिंग लगाने का आधा खर्चा राज्य सरकार वहन करेगी। अब राष्ट्रीय बागवानी एकीकृत विकास कार्यक्रम के तहत उद्यानकी फसल उगाने वाले कृषक अपने खेत के चारो ओर 5 तार व खम्बे की फेंसिंग लगवा सकते हैं। उद्यानकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा इच्छुक किसानों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। विभाग द्वारा जिलेवार लक्ष्य निर्धारित किया जा चुका है। आयुक्त उद्यानकी के अनुसार उद्यानकी फसलों में सब्जी, फल, फूल एवं मसालों की फसलों को जंगली जानवरों द्वारा क्षति पहुंचाई जाती है। इससे बचाव के लिये यह योजना लागू की गई है। विभाग द्वारा किसानों को तार-फेंसिंग लगाने में आने वाला खर्च का आधा (50 प्रतिशत) अनुदान प्रदान किया जाएगा। तार-फेंसिंग लगाने का खर्चा 300 रुपये प्रति रनिंग मीटर आता है, यानि एक हजार रनिंग मीटर का खर्चा तीन लाख रुपये है। इसमें डेढ़ लाख रुपये राज्य सरकार देगी तथा शेष डेढ़ लाख रूपये किसान वहन करेगा।

### कांवड़ यात्रा में दिखा भक्ति का अद्भुत नजारा, नर्मदा जल से किया शिव का अभिषेक

# हरियाली अमावस्या पर नर्मदा घाटों पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

### श्रावण मास की अमावस्या पर हजारों श्रद्धालुओं ने किया नर्मदा स्नान एवं शिवालय में किया जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



नर्मदा तट। सावन माह की पावन हरियाली अमावस्या पर नर्मदा घाटों पर श्रद्धा का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। सुबह से ही श्रद्धालुओं का सैलाब नर्मदा के तटों पर उमड़ पड़ा। भक्तों ने मां नर्मदा में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया और भोलेनाथ का गंगाजल, दूध, दही, शहद व जल से अभिषेक कर बेलपत्र, भांग, धतूरा आदि अर्पित किए।

श्रावण माह के इस विशेष दिन को लेकर भैरूंदा तहसील के नीलकंठ, सातदेव, छीपानेर, डिमवार, बाबरी सहित नर्मदा के घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। लोगों ने नियमपूर्वक स्नान, ध्यान, पूजन और दान कर धार्मिक परंपराओं का निर्वहन किया।

#### कावड़ यात्रा में दिखा भक्ति का अद्भुत नजारा, दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुजन

हरियाली अमावस्या के पावन पर्व पर कावड़ यात्रा भी आकर्षण का केंद्र रही। दूर-दराज़ से आए शिवभक्त कावड़िये मां नर्मदा से जल भरकर अपने गांव-नगर के शिवालयों की ओर रवाना हुए।

कई भक्तों ने पैदल यात्रा कर जल को भोलेनाथ के चरणों में अर्पित करने की मनोकामना ली। श्रद्धालु "बोल बम" के जयकारों के साथ आगे बड़ते रहे।

#### शिवालयों में गूंजे बम भोले नाम के जयकारे

स्थानीय शिव मंदिरों में भी विशेष पूजन-अभिषेक हुआ। भक्तों ने पूजा अर्चना कर अपने परिवार और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिरों में दिनभर हर हर महादेव और ओम नमः शिवाय के मंत्र गूंजते रहे।



## किसान परेशान, कांग्रेस हमलावर विरोध-प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन



भैरूंदा। प्रदेश में विपक्ष की भूमिका निभा रही कांग्रेस लगातार किसानों के मामलों को लेकर सरकार पर हमलावर है, तो वहीं भाजपा किसानों को लेकर मौन है। अब कांग्रेस ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के संसदीय क्षेत्र के बुधनी विधानसभा में एक बार फिर से किसानों के मामलों को लेकर धरना प्रदर्शन किया तो वहीं सरकार पर भी जमकर हमला बोला।

कांग्रेस नेताओं ने किसानों की मूंग तुलाई, यूरिया डीएपी खाद की समस्या, किसानों को अमानक बीच देने सहित कई अन्य मुद्दों को लेकर बुधनी विधानसभा के भेरूंदा में प्रदर्शन किया एवं एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपा। दरअसल इस समय किसानों से समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी का कार्य चल रहा है, लेकिन किसानों को तीन-तीन दिन तुलाई सेंटरों पर रात बितानी पड़ रही है।

कांग्रेस ने किसानों की इन सभी समस्याओं को लेकर सरकार पर हमला बोला है। किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान ने कहा कि केंद्रीय कृषि मंत्री के गृह क्षेत्र में यूरिया की कालाबाजारी हो रही है, मूंग की खरीदी पर प्रति क्विंटल 3 किलो अधिक ली जा रही है। किसानों को अमानक खाद टिकाया जा रहा है, उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। मूंग बेचने के लिए किसानों को दो-दो तीन-तीन दिन तक सेंटरों पर रात गुजारनी पड़ रही है। पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल ने भी कहा कि किसानों के साथ सरकार लगातार वादाखिलाफी कर रही है और जिन वादों को करके भाजपा सरकार में आई वे पूरे नहीं किया जा रहे हैं। युवा नेता विक्रम मस्ताल शर्मा ने कहा कि बुधनी विधानसभा में लगातार किसानों के अनदेखी की जा रही है। किसान परेशान है उन्हें खाद नहीं मिल रही है यूरिया की कालाबाजारी हो रही है। इधर किसानों की समस्याओं को लेकर भाजपा के नेता पदाधिकारी मौन हैं। प्रदर्शन के दौरान मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान, पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल, युवा नेता विक्रम मस्ताल शर्मा, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष संजय पटेल हवेली, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भैरूंदा के अध्यक्ष देवीसिंह थारोल सहित अशोक भाटी, चन्दर मीणा, संतोष शर्मा व कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### हजारों की संख्या में कुबेरेश्वरधाम पर पहुंच रहे कांवड़ यात्री

सीहोर। कुबेरेश्वरधाम पर हर रोज हजारों की संख्या में श्रद्धालु और कांवड यात्री पहुंच रहे है। बारिश की बौछारों के पश्चात भी कांवड यात्रियों के हौसले बुलंद है। आस्था का सैलाब इतना है कि बुजुर्गों के लड़खड़ाते कदम भी उनको पैदल चलने से रोक नहीं पा रहे हैं। शहर के सीवन नदी से बच्चे, महिला-पुरुष और बुजुर्ग आस्था और उत्साह के साथ धाम पर पहुंच रहे है। उनके स्वागत और चाय-पानी और नाश्ते के लिए शहरवासियों ने स्वागत शिविर लगाए है। वहीं कुबेरेश्वरधाम पर पांच दिवसीय आन लाइन शिव महापुराण का आयोजन किया जा रहा। गुरुवार को शिवमहापुराण के चौथे दिन अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहाकि फैशन और व्यसन से दूर रहने की सलाह देते हैं, क्योंकि उनका मानना है कि ये दोनों चीजें व्यक्ति को बर्बाद कर सकती हैं। पंडित श्री मिश्रा ने कहाकि फैशन, व्यसन, संग और सत्संग का जीवन में काफी महत्व है।

उन्होंने कथा के दौरान कहाकि फैशन और व्यसन दोनों ही जीवन में नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं, फैशन में अत्यधिक लिप्त होना व्यक्ति को दिखावे और भौतिकवादी चीजों की ओर ले जाता है, जबकि व्यसन जैसे कि धूम्रपान, शराब, या अन्य नशीली चीजें व्यक्ति के स्वास्थ्य और जीवन को बर्बाद कर सकती हैं. वे लोगों को इन दोनों से बचने और सादगीपूर्ण जीवन जीने की सलाह देते हैं। कई संस्था कहती है कि नशे से दूर का संकल्प दिलाए, उन्होंने कहाकि नशे करने वाले को खुद ही नशे से दूर रहना चाहिए, संकल्प अपना कार्य करता है।

## विधानसभाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर को नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने सौंपा ज्ञापन

### शहीद कुंवर चैन सिंह को शिक्षा पाठ्यक्रम में जोड़ने की मांग




सीहोर। गुरुवार को मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर शहीद कुंवर चैन सिंह की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने ज्ञापन सौंपा है। इस मौके पर जिले के पूर्व प्रभारी मंत्री रामपाल सिंह, पूर्व विधायक शहीद के वंशज राजवर्धन सिंह, बहादुर खां-जफर खां के वंशज जेडएल लोधी, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, बलवीर तोमर और साहित्कार आकाश माथुर आदि शामिल थे।

हमारा क्षेत्र स्वतंत्र आंदोलन में अहम स्थान रखता है। मध्य प्रदेश में भोपाल के निकट स्थित नरसिंहगढ़ रियासत के राजकुमार कुंवर चैन सिंह 24 जुलाई 1824 को अंग्रेज हुकूमत के विरुद्ध लड़ते हुए अपने 54 विश्वस्त साथियों के साथ वीर गति को प्राप्त हुए थे। इनमें हिम्मत खां और बहादुर खां के नाम प्रमुख हैं। साथ ही इस युद्ध में चैन सिंह के साथ आईं वीरांगना उमेदा बाई भी शहीद हुई थीं जिनके बारे में कहा जाता है कि वह युद्ध कला में निपुण होने के साथ साथ कुशल नृत्यांगना भी थीं। इस युद्ध में सभी जाति, वर्ग और धर्म के वीर योद्धा शामिल हुए थे। स्वतंत्रता संग्राम में सीहोर के संदर्भ में शहीद कुंवर चैन सिंह का गौरवशाली इतिहास रहा। जिसको मध्यप्रदेश के शिक्षा पाठ्यक्रम में जोड़ा जाता है तो आने वाली पीढ़ी को उनके गौरवशाली इतिहास से परिचित होने का अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने शहीद कुंवर चैन सिंह के इतिहास को मध्यप्रदेश के शिक्षा पाठ्यक्रम में जोड़ने की अपील की है। इस मौके पर बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल थे।

### ग्राम छतरी में किया गया नवांकुर सखी हरियाली यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ



सीहोर। जन अभियान परिषद सीहोर द्वारा ग्राम छतरी में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा नवांकुर सखियों को बीज रोपित थैलियों का वितरण किया गया। नवाकुंवर सखियों द्वारा इन पौधों को रोपित किया जाएगा और इनकी देखभाल भी की जाएगी। इस अवसर पर कलश यात्रा भी निकाली गयी। कार्यक्रम में नवांकुर सखियों को केसरिया पट्टी से सम्मानित किया गया। यात्रा में सखियों ने पर्यावरण संरक्षण के नारों के साथ आमजन को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा पौधों का रोपण भी किया। जिला समन्वयक पारूल उपाध्याय ने बताया कि जिले के सभी विकासखंडों में यह कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नवांकुर सखी हरियाली यात्रा कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण के लिए की अभिनव पहल है। इस कार्यक्रम के तहत स्थानीय महिलाओं को पर्यावरण संरक्षण संबंधी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कार्यक्रम में सीहोर विकासखंड समन्वयक प्रदीप सिंह सेंगर एवं अन्य सदस्यों सहित ग्रामवासी और विद्यार्थी उपस्थित थे।

## नवांकुर सखी-हरियाली यात्रा के तहत ग्राम रामदासी में हरियाली यात्रा निकालकर सभा का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् इछावर द्वारा नवांकुर संस्था रामदासी सेक्टर वीरपुर डेम द्वारा हरियाली यात्रा निकाल कर सभा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि समाजसेवी राजेंद्र सिंह एवं सरपंच ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

सर्वप्रथम सेक्टर से चिन्हित नवांकुर सखियों ने कलश पौधे के साथ नवांकुर संस्था कार्यालय से यात्रा प्रारंभ कर गांव के विभिन्न मार्गो से होते हुए सोसायटी परिषद सभा स्थल तक पहुंचे जहां पर सरस्वती मां के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। सेक्टर प्रभारी दिनेश वर्मा द्वारा सभी अतिथियों का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। राजेन्द्र सिंह द्वारा सभी को पौधारोपण करने के लिए सभी से आग्रह किया गया और पौधे को संरक्षित भी करना है जिसकी निगरानी के लिए हर माह अधिकारी कर्मचारियों भी देखने आएंगे सभी माता बहनों को हर घर पौधा घर-घर पौधा लगाना है और आज हरियाली अमावस्या के शुभ अवसर पर प्रारंभ किया इस कार्यक्रम को इसलिए उन्होंने जन अभियान परिषद को धन्यवाद भी कहा। पर्यावरण बचाना है जल संरक्षण में भी इससे काफी सहयोग होता है वाटर लेवल बढ़ता है। इसके बाद विकासखंड समन्वयक बीलू भिलवारे द्वारा उद्बोधन में बताया गया की मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद इछावर में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा विकासखंड इछावर के पांचों सेक्टर में होनी है जिसकी शुरुआत ग्राम रामदासी से प्रारंभ की गई। नवांकुर सखी योजना में स्वैच्छिकता के आधार पर महिलाओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं पौधारोपण किया जाना है । नवांकुर सखी कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा प्रदेश भर में चल रहा हे जिसमें नवांकुर सखियों को स्वैच्छिकता के आधार पर 11- 11 पौधे दिए जा रहे हे उन पौधे की देख भाल सभी महिलाएं एक पुत्र के समान करेगी और पर्यावरण को हरा भरा करने में सहयोग करेगी आने वाले समय में नवांकुर सखी को स्व रोजगार एवं अन्य गतिविधियों में भी जोड़ा जाएगा मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चलाया गया ये अभियान घर घर पहुंच रहा हे हर घर पौधा घर घर पौधा। कार्यक्रम का संचालन राजपाल परमार द्वारा किया गया । आभार सेक्टर प्रभारी दिनेश वर्मा ने किया।

### शिक्षक मानसिंह सोलंकी के निधन से रेहटी क्षेत्र में शोक की लहर



रेहटी। तहसील के सलकनपुर स्थित शासकीय स्कूल में बतौर लेक्चरर पदस्थ रहे वरिष्ठ शिक्षक मानसिंह सोलंकी का दुखद निधन हो गया। उनके निधन से रेहटी नगर सहित क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। जैसे ही उनके निधन का समाचार मिला, लोगों के चेहरों पर मायूसी छा गई। दरअसल शिक्षक मानसिंह सोलंकी पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थे एवं उनका उपचार चल रहा था। वे लंबे समय तक रेहटी स्थित शासकीय बालक हायर सेकंडरी स्कूल में भी पदस्थ रहे। इसके बाद उनकी पदस्थापना शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल रेहटी में हुई। वर्तमान में वे सलकनपुर में पदस्थ थे। वे छात्र-छात्राओं के मार्गदर्शक के रूप में पहचाने जाते थे तो वहीं आज उनके कई विद्यार्थी बड़े-बड़े पदों पर पदस्थ हैं। वे हमेशा सबकी मदद के लिए तैयार रहते थे। उनके निधन से उनके पुराने छात्र-छात्राओं सहित नगर एवं रेहटी तहसील में शोक की लहर है। शिक्षक मानसिंह सोलंकी का जन्म हरदा जिले के हंडिया में 4 जनवरी 1964 को हुआ था। उनकी शुरुआती शिक्षा-दीक्षा वहीं हुई। उनकी पहली पदस्थापना रेहटी स्थित शासकीय बालक हायर सेकंडरी स्कूल में हुई थी। इसके बाद वे पूरे समय रेहटी में ही पदस्थ रहे। जनवरी 2026 में उनकी शासकीय सेवा से सेवानिवृत्ति भी थी, लेकिन इससे पहले ही उनका दुखन निधन हो गया। परिवार में उनकी धर्मपत्नी सहित दो बेटे सूर्यप्रताप सोलंकी एवं भानुप्रताप सोलंकी हैं। बड़े बेटे सूर्यप्रताप सोलंकी इंजीनियर हैं एवं अमेरिका में निवासरत हैं तो वहीं छोटे बेटे भानुप्रताप सोलंकी पेशे से डॉक्टर हैं एवं राजस्थान के जयपुर में पदस्थ हैं।

**जाहिर सूचना**

मैं भगवान सिंह आ. जगन्नाथ आयु 33 वर्ष जाति चमार निवासी ग्राम टाकपुरा तहसील व थाना इछावर जिला सीहोर का सर्व साधारण को सुचित करता हू कि मेरी नाबालिग पुत्री रिषिका हरिजन का आधार कार्ड न. 664044290775 में उपरोक्त नाम एवं जन्मतिथि 01/01/2012 त्रुटिपूर्ण होकर अंकित है जिसे परिवर्तित कर रिषिका हरिजन के स्थान पर प्रियंका तथा जन्मतिथि 01/01/2012 के स्थान पर जन्मतिथि 01/01/2014 किया गया है, अब आगे रिषिका हरिजन के स्थान पर उसे प्रियंका के नाम से जाना पहचाना जाये प्रियंका के नाम से शेष अभिलेख जन्म प्रमाण पत्र विद्यालय की अंक सूची व अन्य योजनाओ मे प्रियंका नाम ही दर्ज है सूचित हों

**भगवान सिंह आ. जगन्नाथग्राम टाकपुरा तह. व थाना इछावर जिला सीहोर मो. नं. 9202156424**

### अमर शहीद कुंवर चैनसिंह की शहादत दिवस पर दिया गार्ड ऑफ ऑनर

# देश के बिना हमारा कोई अस्तित्व नहीं : नरेंद्र सिंह तोमर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



अमर शहीद कुँवर चैन सिंह के शहादत दिवस पर शासन की ओर से गाड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने अमर शहीद कुँवर चैनसिंह को श्रद्धा सुमन आर्पित किए।

इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में अमर शहीद कुँवर चैन सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि मुझे आज उस पावन धरती पर आने का सौभाग्य मिला है, जिस भूमि पर आजादी के लिए एक प्रकार से पहली सशस्त्र क्रांति की शुरुआत हुई। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन में सबसे पहले देश है। उन्होंने कहा कि देश होगा, तभी हम सभी होंगे। बिना देश के हमारा कोई अस्तित्व नहीं है। उन्होंने कहा कि अमर शहीद कुँवर चैनसिंह की शहादत इस बात की प्रेरणा देती है कि कुँवर चैनसिंह के मन में थोड़ा भी लालच होता तो उनकी शहादत नहीं होती और राजशाही जीवन व्यतीत कर सकते थे। लेकिन उन्होंने देश को सबसे ऊपर रखा और भारत को आजाद करने के लिए अपने प्राणों का बलिदान दे दिया। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में पद, प्रतिष्ठा, धन, दौलत की पूजा नहीं होती, बल्कि व्यक्ति के गुणों की पूजा होती है। व्यक्ति के गुणों के कारण ही उन्हें सदैव याद रखा जाता है। उन्होंने कहा कि आज यहां इतनी बड़ी संख्या में नागरिक कुँवर चैनसिंह को श्रद्धांजलि देने पहुंचे हैं, तो वह केवल उनके देश के प्रति समर्पण और बलिदान के कारण। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के लिए चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु, अशफाक उल्ला खान, रामप्रसाद बिस्मिल, बलवंत राव फड़के, दुर्गा देवी सहित अनेक देशभक्तों और क्रांतिकारियों ने बलिदान दिया, पर इन बलिदानियों को मजहब के आधार पर कोई नही जानता, बल्कि देश के लिए किए गए बलिदान के लिए इन्हें पूरा देश नमन करता है। उन्होंने कहा कि अमर शहीदों की स्मृति में आयोजित किए जाने वाले इस तरह के कार्यक्रम निश्चित ही समाज को प्रेरणा देते हैं। विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने नगर पालिका द्वारा कम्युनिटी हॉल का नाम कुँवर चैनसिंह के नाम पर रखे जाने तथा उनकी गौरव गाथा को प्रदर्शनी के रूप में प्रस्तुत करने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर तथा इस आयोजन के लिए बलवीर सिंह तोमर की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रेरणादायी कार्यक्रम केवल जयंती या शहादत दिवस के अवसर पर ही नहीं होना चाहिए, बल्कि साल में कई बार ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए। ताकि नागरिकों को इनसे प्रेरणा मिले और आने वाली पीढियां इन बलिदानियों के बारे में जान सके। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों को केंद्र में रखकर भी आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि उन्हें देश की आजादी के लिए दी गई कुर्बानियों के बारे में पता चले और उनसे प्रेरणा लेकर वह एक अच्छे नागरिक और देशभक्त बन सकें। उन्होंने सुझाव दिया कि कुँवर चैनसिंह और उनके साथी हिम्मत खां, बहादुर खां के नाम पर बच्चों की प्रतियोगिता आयोजित की जानी चाहिए तथा उसमें बच्चों को सम्मानित किया जाना चाहिए।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री रामपाल सिंह, पूर्व विधायक एवं अमर शहीद कुँवर चैन सिंह के वंशज राजर्वधन सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती, हिम्म्त खां बहादुर खां के वंशज जेडएके लोधी तथा भारत जोड़ो समिति के बलवीर सिंह तोमर ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए और संबोधित किया।

**कार्यालय नगर परिषद कोठरी, जिला-सीहोर (म.प्र.)**

क्रमांक 657 / न.प./2025 — कोठरी दिनांक 22/07/2025

**आपत्ति सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद् कोठरी क्षेत्रान्तर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के प्राप्त हुए आवेदनों का जमीनी सत्यापन करने उपरान्त निम्न हितग्राहियों को प्रांरभिक तौर पर दस्तावेजो के आधार पर पात्र पाया गया है। इस विज्ञप्ति में अंकित सूचना के अन्तर्गत जिस पृविष्टि के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस सूचना प्रकाशन के दिनांक से 07 दिवस के अन्दर नगर परिषद कार्यालय मय साक्ष्य दस्तावेजो के साथ प्रस्तुत कर सकते है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

| आवेदन क्रमांक | हितग्राही का नाम | पिता/पति का नाम | वर्ग | वार्ड नं. |
|---|---|---|---|---|
| MP034270125131107464 | रामचरण | नर्वत | अन्य पिछडा वर्ग | 04 |
| MP034270225140962177 | ओमप्रकाश | हरिचरण | अन्य पिछडा वर्ग | 15 |
| MP034270325188561694 | रमेशचन्द्र | मुंशीलाल | अन्य पिछडा वर्ग | 15 |
| MP034270425161164792 | कृष्णपाल वर्मा | कैलाशनारायण वर्मा | अन्य पिछडा वर्ग | 11 |
| MP034270425168831949 | रमेशचन्द्र | गंगाराम | अन्य पिछडा वर्ग | 08 |
| MP034270425181707898 | ममता बाई | शंकरलाल राठैर | अन्य पिछडा वर्ग | 05 |
| MP034270625162609512 | कमल सिंह | हजारीलाल | अनु. जाती | 01 |
| MP034270325183038921 | राकेश वर्मा | रामप्रसाद वर्मा | अन्य पिछडा वर्ग | 04 |

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद, कोठरी**

अपराध नहीं अब सम्मान से जीवन जैसे सकारात्मक अभियान के तहत लोगों को प्रेरित किया

# सांसी समुदाय के 36 लोगों ने आत्मसमर्पण कर थामा समाज की मुख्यधारा का हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के बोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कडियां में बुधवार दोपहर 1 बजे एक ऐतिहासिक सामाजिक परिवर्तन देखने को मिला, जब सांसी समुदाय के 36 लोगों ने अपराध का रास्ता छोड़कर आत्मसमर्पण किया और समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का संकल्प लिया। आत्मसमर्पण करने वालों में ग्राम कडियां से 28 और गुलखेड़ी से 8 लोग शामिल हैं। इस आत्मसमर्पण कार्यक्रम का आयोजन जिला पुलिस राजगढ़ अधिक्षक अमित तोलानी के नेतृत्व में किया गया, जिसमें अपराध नहीं अब सम्मान से जीवन" जैसे सकारात्मक अभियान के तहत लोगों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान एसडीओपी उपेंद्र सिंह भाटी ने सभी को नशा मुक्त रहने की शपथ भी दिलाई, जिससे समाज में एक नया संदेश गया।

## पुलिस की बदली रणनीति अपराध नहीं, पुनर्वास प्राथमिकता



राजगढ़ पुलिस द्वारा उठाया गया यह कदम केवल कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव की नई इबारत लिखने की ओर भी एक मजबूत कदम है। इस आत्मसमर्पण कार्यक्रम से यह स्पष्ट हुआ कि जब प्रशासन, जनप्रतिनिधि और समाज साथ मिलकर कार्य करें, तो किसी भी समुदाय को अपराध से निकालकर सम्मानजनक जीवन की ओर अग्रसर किया जा सकता है। अब इन परिवारों को शासन द्वारा प्रशिक्षण, रोजगार और पुनर्वास से जोड़ने की दिशा में भी कार्रवाई की जाएगी, ताकि ये हमेशा के लिए समाज के जिम्मेदार नागरिक बन सकें।

### बोड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम कडियां सांसी से अपराध में पेश होने वाले आरोपी

राजेंद्र कुमार, आदित्य सिसोदिया, हर्षित सिसोदिया, अशोक सिसोदिया, राजूकुमार सिसोदिया, अफेरसर, संगीता बाई, राजकुमार, सेक्रेटरी उर्फ सिकंदर , कर्मो उर्फ करम सिंह निखिल , निखिल शास्त्री, ऋतिक सांसी, संतोष, अंशु ,सचिन, पिंकी बाई ,कंकू बाई गगन, चंद्र उर्फ चंदरिया प्रदीप, अरुण भानेंरिया, बादल ,जितेंद्र सिसोदिया ,राज सिसोदिया ,पारस सिसोदिया, विकास धापानी, मोंटी ,बाबू सिसोदिया। ग्राम गुलखेड़ी महेश सिसोदिया, विनीत सिसोदिया, हाकम, मजनू आनंद, बबलू सांसी सहित कुल 36 लोगों ने आत्म समर्पण किया।

### उद्योग लगाने की मांग, ग्रामीणों की आवाज बुलंद

ग्रामवासी राजू सिसोदिया ने मौके पर विधायक मोहन शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी से ग्राम कडियां में उद्योग फैक्ट्री स्थापित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि गांव के अधिकतर लोग अनपढ़ हैं, उनके पास जीविका का कोई साधन नहीं है। इस पर विधायक मोहन शर्मा दादा ने आश्वस्त करते हुए कहा, आप यहां सकारात्मक माहौल बनाएँ, शासन और प्रशासन से चर्चा कर फैक्ट्री लगाने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, युवा वर्ग और प्रशासनिक अमला उपस्थित रहा।

जपं सीईओ ने उच्चाधिकारियों को भेजा निलंबन का प्रस्ताव

# जिंदा व्यक्तियों को पोर्टल पर मृत बताने वाले सचिव पर कार्रवाई



साहब हम जिंदा है, सचिव ने कागजों में कर दिया मृत घोषित कलेक्टर से गुहार लगाने पहुंचे लसुड़ली धाकड़ के छह आवेदक

राजगढ़। राजगढ़ जनपद की ग्राम पंचायत लसुड़ली धाकड़ निवासी छह बुजुर्गों को कागजों में मृत घोषित किए जाने का मामला सामने आया है। समग्र पोर्टल से नाम हटने पर जब इन बुजुर्गों को मिलने वाली वृद्धावस्था पेंशन, राशन आदि बंद हो गए तो ये सभी मंगलवार को कलेक्टोरेट पहुंचे। फरियादी बुजुर्गों कलेक्टर को स्वयं आवेदन सौंपकर अपने जीवित होने का प्रमाण दिया।

लसुड़ली धाकड़ निवासी लक्ष्मीचंद पिता जगन्नाथ धाकड़, बद्रीलाल पिता देवचंद भील, कंचनबाई पत्नी भंवरलाल धाकड़, बालचंद पिता मोतीलाल बलाई, केसरसिंह पिता गोपीलाल धाकड़, भूलीबाई पत्नी भैरूसिंह ने बताया कि उनके जीवित होते हुए समग्र पोर्टल पर उन्हें मृत दर्ज किया गया है। इसके चलते उन्हें मिल रही विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे राशन, किसान सम्मान निधि, वृद्धावस्था पेंशन इत्यादि का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि पंचायत सचिव ने दुर्भावनावश उनके नाम हटाए हैं। जब उन्होंने इस बारे में सचिव से पूछताछ की तो उनके द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। बुजुर्गों की शिकायत पर डिप्टी कलेक्टर द्वारा पूरे मामले की जांच करवाई जा रही है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कलेक्टोरेट में मंगलवार को हुई जिला स्तरीय जनसुनवाई में राजगढ़ जनपद की ग्राम पंचायत लसुड़लिया धाकड़ के 6 बुजुर्गों ने समग्र पोर्टल पर मृत घोषित किए जाने की शिकायत की थी। शिकायतकर्ताओं ने पंचायत सचिव करण सिंह नागर पर दुर्भावनापूर्वक पोर्टल से नाम हटाने के आरोप लगाए थे।


इस मामले पर त्वरित संज्ञान लेते हुए कलेक्टर द्वारा राजगढ़ जनपद सीईओ को जांच सौंपी गई। जांच में सामने आया कि सचिव नागर की लापरवाही से उक्त छह ग्रामीणों के नाम पोर्टल से डिलीट कर दिए गए हैं। ऐसे में सीईओ ने नागर को सस्पेंड करने का प्रस्ताव उच्चाधिकारियों को प्रेषित किया है। इसके साथ ही सचिव नागर की एक वेतनवृद्धि रोकने के लिए भी उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### तीन नाम जोड़े गए बाकी की कार्रवाई जारी

जनपद से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस मामले में बालचंद पिता मोतीलाल, लक्ष्मीचंद पिता जगन्नाथ एवं बद्रीलाल पिता देवीचंद के आईडी समग्र पोर्टल पर जोड़ दिए गए हैं, वहीं शेष तीन नाम भी जोड़े जाने की कार्यवाही प्रचलित है।

एफआईआर के बाद अब विभाग ने भी की कार्रवाई

# आजाद खान को सस्पेंड करने का प्रस्ताव डायरेक्टर को भेजा



कार्यालय : उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाऐ, जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म0प्र0
क्रमांक 3130 / स्थापना / 2025–26 / राजगढ़, दिनांक 22/07/25
प्रति,
संचालक
पशुपालन एवं डेयरी विभाग
मध्यप्रदेश भोपाल
विषय :– निलंबन करने बावत्।
000000
उपरोक्त विषयांतर्गत निवेदन है कि श्री आजाद खॉन सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, पशु चिकित्सालय नरसिंहगढ़ (संलग्न पशु औषधालय पिपलोदी) के विरूद्ध थाना राजगढ़ में दिनांक 22.07.2025 एफआईआर दर्ज हुई है, एवं भारतीय न्याय संहिता (बी.एन.एस.) 2023 308 (6), भारतीय न्याय संहिता (बी.एन.एस.) 2023 79 एवं सूचना प्रोद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम 2000, 66 ई के तहत प्रकरण पंजीबद्ध करते हुये पुलिस द्वारा गिरफ्तार करते हुये न्यायिक अभिरक्षा में रखा गया है।
अतः श्री आजाद खॉन, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, म0प्र0 सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 09 में दिये गये प्रावधान अनुसार तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की अनुशंसा की जाती है।
संलग्न :– पंजीबद्ध एफ.आई.आर. की छायाप्रति
उपसंचालक
पशु चिकित्सा सेवाऐ,
जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म0प्र0
क्रमांक 3131 / स्थापना / 2025–26 / राजगढ़, दिनांक 22/07/25
प्रतिलिपि :–
1. कलेक्टर महोदय, जिला राजगढ़ की ओर सूचनार्थ सादर प्रेषित।
2. पुलिस अधिक्षक महोदय, जिला राजगढ़ की ओर सूचनार्थ सादर प्रेषित।
उपसंचालक
पशु चिकित्सा सेवाऐ,
जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म0प्र0


राजगढ़। एक विवाहिता महिला के आपत्तिजनक फोटो वायरल करने की धमकी देते हुए 50 हजार रुपए की अड़ीबाजी करने वाले पशु चिकित्सा विभाग के सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी आजाद खान निवासी राजगढ़ पर कोतवाली पुलिस ने विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज की थी। आजाद खान पर एफआईआर दर्ज होने के बाद अब विभाग ने भी उन पर कार्यवाही प्रस्तावित की है।

पशु चिकित्सा विभाग के उप-संचालक महिपाल सिंह कुशवाह ने बताया कि आजाद खान को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड करने का प्रस्ताव विभाग के डायरेक्टर को भेजा गया है। चूंकि उनका कृत्य मप्र सिविल सेवा अचारण के प्रतिकूल है, ऐसे में उन्हें सस्पेंड किए जाने की अनुशंसा की गई है। उधर, हिन्दू संगठनों के पदाधिकारियों ने इस मामले को लव-जिहाद से जुड़ा हुआ बताते हुए तीखा निंदा की है।

### नरसिंहगढ़ से पिपलोदी किए गए थे अटैच

आपको बतादें कि विभाग ने सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी आजाद खान को पशु चिकित्सालय नरसिंहगढ़ में पदस्थ कर रखा था। लेकिन, बाद में उन्हें राजगढ़ क्षेत्र के पिपलोदी पशु औषधालय में अटैच कर दिया गया था।

# राजेंद्र जोशी गुर्जर गौड़ महासभा के राष्ट्रीय सचिव बने



**राजगढ़।** गुर्जर गौड़ ब्रहामण समाज महासभा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने नगर निवासी राजेंद्र जोशी काका को महासभा के राष्ट्रीय सचिव पद पर नियुक्त किया है। जोशी को राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर समाजजनों सहित नगर के प्रबद्धजनों में हर्ष व्याप्त है। उन्हें यह पद मिलने पर पूर्व विधायक पंडित हरिचरण तिवारी, एडवोकेट एचबी व्यास, नगर सभा अध्यक्ष पीयूष शर्मा, पुरुषोत्तम शर्मा, शिवचरण शर्मा, विकास कौशिक, नवीन शर्मा, अशोक दुबे, राजेंद्र दुबे, बृजेश व्यास, वीरेंद्र पंचोली, विजय पंचोली, ओम शर्मा, दीनदयाल शर्मा, गिरिराज जोशी, कुंज बिहारी भरथरे, बृजमोहन सरावत, तेजेंद्र उपाध्याय, सुशील शर्मा, ज्योति प्रकाश वाजपेयी सहित अन्य ने शुभकामनाएं दी हैं।

कई मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं वार्ड आठ के बाशिंदे

# विकास कार्यों हेतु राशि स्वीकृत करने मुख्यमंत्री को सौंपा पत्र

**राजगढ़।** नगर के वार्ड 8 में विभिन्न विकास कार्यों हेतु नगरीय प्रशासन विभाग से राशि स्वीकृत कराने की मांग को लेकर पार्षद प्रतिनिधि केपी पंवार ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट की। इस दौरान उन्होंने सीएम को एक मांगपत्र सौंपते जल्द राशि स्वीकृत करवाने का आगृह किया। सीएम को सौंपे गए मांगपत्र में वार्ड-8 संकट मोचन कॉलोनी में नाली निर्माण एवं सीसी रोड निर्माण, बाउन्ड्रीवाल एवं सामुदायिक भवन निर्माण, उचित विद्युत व्यवस्था हेतु आधुनिक पद्धति से बिजली पोल एवं केबलीकरण कार्य की मांग रखी गई है।



### ऊर्जामंत्री तोमर से भी की भेंट

इसी कड़ी में पार्षद प्रतिनिधि पंवार एवं बीजेपी के पूर्व जिलाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान ने ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न्य सिंह तोमर से भी भेंट की। इस दौरान उन्हें वार्ड के प्रतापगंज क्षेत्र में लंबे समय से बिजली आपूर्ति व्यवस्था में आ रही बाधा, लो-वोल्टेज एवं बार-बार ट्रिपिंग की समस्या से अवगत कराया गया। तोमर को सौंपे गए पत्र में उल्लेख किया कि वार्ड-8 में स्थित ट्रांसफार्मरों की क्षमता कम होने एवं पुराने तारों के कारण विद्युत व्यवस्था बार-बार बाधित होती है। मंत्री तोमर ने विभाग के उच्चाधिकारियों को समस्या के समाधान के लिए निर्देश दिए हैं।

# भारतीय मजदूर संघ ने मनाया स्थापना दिवस, वक्ताओं ने बताया उद्देश्य



**ब्यावरा।** बुधवार को भारतीय मजदूर संघ का स्थापना दिवस मनाया गया। भारतीय मजदूर संघ की स्थापना को इस वर्ष 70 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। इस अवसर पर 23 जुलाई को जिला स्तर पर एक स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय मजदूर संघ प्रदेश मंत्री एवं संभाग प्रभारी श्रीमती मेघा दुबे एवं विशेष अतिथि के रूप में भारतीय मजदूर संघ पर्यावरण मंच के प्रदेश संयोजक पवन मेहता एवं विभाग प्रमुख गोपाल शर्मा का उद्बबोधन कार्यकर्ताओं को मिला।इस कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा भारतीय मजदूर संघ की स्थापना, उद्देश्य, सिद्धांतों एवं इसकी कार्यप्रणाली पर प्रकाश डालते हुए संगठित श्रमिक आंदोलन के संबंध में मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री संजय शेखर शर्मा ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष राजेश सक्सेना, राज्यकर्मचारी संघ के जिला संयोजक नागेंद्र गुर्जर, हिंदू जागरण मंच जिला संयोजक अशोक मिश्रा, वरिष्ठ नागरिक जिला अध्यक्ष राजेंद्र सक्सेना, बापू सुमन, देवराज लोधी, राजेश मेवाड़े, सुरेश शर्मा, धीरज नागर, कृष्णा मालवीय, पार्वती लहरी, अनीता महाजन सहित कई लोग मौजूद रहे।

## मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति को मिला सहारा, अपना घर आश्रम शिवपुरी में भर्ती

**गुना।** समाजसेवी प्रमोद भार्गव को बुधवार को कुम्भराज क्षेत्र में एक मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति के भटकने की सूचना मिली। तुरंत सक्रिय होते हुए वे मौके पर पहुँचे और उक्त व्यक्ति को गुना लाकर प्राथमिक काउंसलिंग कराई गई। मानसिक स्थिति कमजोर होने के कारण व्यक्ति अपनी पहचान और निवास स्थान की कोई जानकारी नहीं दे सके, पर ये भी किसी के यहाँ बंधक रूप मे काम करते थे,

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रमोद भार्गव ने उसे शिवपुरी स्थित अपना घर आश्रम में भर्ती कराया, जहाँ ऐसे जरूरतमंदों को भोजन, चिकित्सा व देखभाल की सुविधाएँ दी जाती हैं। यह कोई पहला मामला नहीं है। प्रमोद भार्गव इससे पहले भी जिला प्रशासन के सहयोग से सैकड़ों बंधुआ मजदूरों को मुक्त करा चुके हैं। उनके प्रयासों से न केवल लोगों को बंधन से मुक्ति मिली, बल्कि मानसिक रूप से विक्षिप्त या बेसहारा लोगों को भी पुनर्वास का अवसर मिला है। इस अभियान के तहत कई लोग अब अपने आप भी आश्रय के लिए पहुँच रहे हैं। ऐसे लोगों को भी अपना घर आश्रम में सुरक्षित स्थान दिया जाता है। आश्रम द्वारा बाद में उनके परिजनों की खोज की जाती है और अब तक देश के कई राज्यों से सैकड़ों परिवारों को उनके बिछुड़े हुए सदस्य मिल चुके हैं। समाजसेवी प्रमोद भार्गव का यह प्रयास समाज के उन वर्गों के लिए एक नई उम्मीद बनकर सामने आ रहा है, जिन्हें लंबे समय से नजरअंदाज किया जाता रहा है। मुहिम आगे भी जारी रहेगी।

नालियों की निकासी, सड़क, स्ट्रीट लाइट व सफाई की व्यवस्था की मांग

# ड्रीम होम सिटी कॉलोनीवासियों ने समस्याओं को लेकर नपाध्यक्ष व सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

**सारंगपुर।** नगर के वार्ड क्रमांक 16 स्थित ड्रीम होम सिटी कॉलोनी के रहवासियों ने बुधवार को कॉलोनी की विभिन्न मूलभूत समस्याओं के समाधान हेतु नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी ज्योति सुनेरे को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कॉलोनीवासियों ने बताया कि क्षेत्र में जलनिकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण जगह-जगह जलभराव की स्थिति बन गई है। इससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है और बीमारी फैलने का खतरा मंडरा रहा है। कई घरों में लोग बीमार भी हो रहे हैं। साथ ही कॉलोनी में पक्की सड़क का निर्माण नहीं हुआ है, जिससे बारिश के दिनों में भीषण कीचड़ फैल रहा है और राहगीरों



तथा दोपहिया वाहन चालकों को फिसलने की घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। रहवासियों ने यह भी बताया कि कॉलोनी में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था नहीं होने से अंधेरे में जहरीले जानवरों के घूमने व चोरी जैसी घटनाओं की आशंका बनी रहती है। वहीं क्षेत्र में सुअरों का आतंक भी बना हुआ है, जो न केवल गंदगी फैला रहे हैं, बल्कि लोगों की सुरक्षा के लिए भी खतरा बन गए हैं।इसके अलावा कॉलोनी में बड़े-बड़े कंटीले पेड़ों की भरमार है, जो दुर्घटनाओं का कारण बन सकते हैं। नियमित सफाई कर्मचारी की नियुक्ति न होने से स्वच्छता व्यवस्था भी चरमराई हुई है।

ज्ञापन के माध्यम से कॉलोनीवासियों ने जलनिकासी, पक्की सड़क, स्ट्रीट लाइट, सफाई कर्मी की नियुक्ति, सुअरों को हटाने एवं कंटीले पेड़ों की कटाई की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में राधेश्याम शर्मा, राजेंद्र पटवा, मनीष गगरानी, शशिकांत नेमा, विजय पालीवाल, लखन मीणा, अभिषेक बार किया, सुनील पाटीदार एवं श्याम गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी उपस्थित रहे।

महाविद्यालय में छात्रों ने जाना राष्ट्रभक्ति का महत्व

# बाल गंगाधर तिलक व चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय, सारंगपुर में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक एवं चंद्रशेखर आजाद की जयंती के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ममता खोईया द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि तिलक और आजाद जैसे क्रांतिकारियों के त्याग और बलिदान की बदौलत ही देश को स्वतंत्रता प्राप्त हुई। दोनों ही नेता गरम दल से संबंध रखते थे और अंग्रेजों को भारत से उखाड़ फेंकने के लिए निरंतर संघर्षरत रहे।



कार्यक्रम में डॉ. शिवराज सिंह राठौर, प्रभारी स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता का विषय 'ऑपरेशन सिंदूर पर भारतीय सेना का पराक्रम' रहा। उन्होंने बताया कि यह अभियान पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा चलाया गया था, जो वीरता और साहस का प्रतीक है। कार्यक्रम संयोजक डॉ. सोनम करोड़िया ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, राज्यपाल मंगूभाई पटेल तथा उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार की गरिमामयी उपस्थिति में भोपाल में आयोजित एक कार्यशाला का सीधा प्रसारण भी महाविद्यालय के छात्रों को दिखाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य, प्रोफेसरगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट विद्यालय में साइकिल वितरण समारोह आयोजित



**जीरापुर।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में साइकिल वितरण समारोह आयोजित हुआ। बुधवार को राज्य शासन के दिशा निर्देशानुसार 4 किलोमीटर से अधिक दूरी से विद्यालय में कक्षा छठी एवं कक्षा नौवीं में अध्ययन करने आने वाले विद्यार्थियों को निशुल्क साइकिल वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी ने विधालय के 41 विधार्थियों को साईकिल प्रदान की। लाखन सिंह तोमर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह ,दिनेश जमींदार, विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामबाबू पाटीदार, समन्वयक गजेंद्र शर्मा, प्राचार्य विनोद कुमार चैधरी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जहां पर अतिथि गणों द्वारा मां सरस्वती की पूजन कर कार्यक्रम शुरू किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि छात्रों को शासन के द्वारा दी जा रही योजनाओं का लाभ लेने तथा अच्छे से अध्ययन कर अपने गांव परिवार का नाम रोशन करना चाहिए एवं मोबाइल से छात्रों को दूर रहना चाहिए , शासन द्वारा सरकारी स्कूलों को प्राइवेट विद्यालयों से भी अधिक विकसित किया जा रहा है। तथा विद्यालय में निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, लैपटॉप ,स्कूटी मध्याह्न भोजन,गणवेश वितरण एवं छात्रवृत्ति दी जाती है जिससे हमें अध्ययन करने में मदद मिलती है। विधायक दांगी ने अपने बचपन के विद्यालय के अनुभव छात्रों के समक्ष प्रस्तुत कर छात्रों को प्रेरित किया की हमें अपने जीवन में सफल होने के लिए कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है जो छात्र जितना अधिक मेहनत करेगा उसको उतना ही फायदा होगा तथा छात्रों को प्रेरित करते हुए यह भी बताया कि इस विद्यालय से बच्चे डॉक्टर, आईं एस, इंजीनियर, शिक्षक, थानेदार तक पहुंचे हैं। आप लोग भी मेहनत कर अपना सर्वश्रेष्ठ स्थान शिक्षा के माध्यम से बना सकते हैं। उक्त कार्यक्रम में शिक्षक हरिश गुप्ता, भेरूलाल शर्मा, स्काउटर गोवर्धन लाल वर्मा, राकेश भावसार गिरिराज गुप्ता रेडीमेड, विजय भावसार, शैलेंद्र राठौड़, बालू पवार, लक्ष्मी नारायण दांगी, सीमा गुप्ता, शिवनाथ दांगी, शेफाली दांगी, अजय सेन रमेश चंद मेवाड़े, हेमराज सेन सहित विद्यालय का परिवार उपस्थित रहा।

## खबर संक्षेप

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं की हुई आंखों की जांच



**जावर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जावर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं का हुआ नेत्र परीक्षण जिसमें डाक्टर रवि गोस्वामी ने कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं की आंखों की जांच एवं साथ ही मधुमेह और ब्लडप्रेशर की भी जांच की गई जिसमें उपस्थित आंगनबाड़ी सुपरवाइजर रीना सिंह व्दारा सभी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जावर पर लेजाकर जांच करवाई गई।

### पटाखे फोड़ने वाली बुलेट पर 12 हजार का जुर्माना



**आष्टा।** पुलिस द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक बुलेट मोटरसाइकिल को जप्त किया है। जांच में पाया गया कि उक्त वाहन में अवैध रूप से मॉडिफाइड साइलेंसर पटाखे जैसी आवाज करने वाला साइलेंसर लगाया गया था। जिससे शहर में ध्वनि प्रदूषण फैल रहा था और आमजन में भय एवं अशांति की स्थिति उत्पन्न हो रही थी। वाहन का चालक नाबालिग पाया गया। इस कारण मोटरसाइकिल स्वामी राजेन्द्र पिता सवाईमल जैन निवासी अंजनी नगर, आष्टा के विरुद्ध मोटर व्हीकल अधिनियम की विभिन्न धाराओं में चालानी कार्रवाई की गई।थाना प्रभारी गिरीश दुबे के निर्देशन में की गई त्वरित कार्रवाई के तहत मोटरसाइकिल को जब्त कर न्यायालय में प्रस्तुत किया। न्यायालय द्वारा वाहन स्वामी पर 12 हजार का जुर्माना आरोपित कर वसूल किया गया। गौरतलब है कि विगत एक माह में थाना आष्टा द्वारा मॉडिफाइड साइलेंसर लगी कुल 04 बुलेट मोटरसाइकिलों के विरुद्ध न्यायिक कार्रवाई की गई है, जो निरंतर जारी है।

### नगरीय निकाय व विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय आज आएंगे आष्टा

# करोड़ों रुपए की विकास परियोजनाओं के साथ होगा लोकार्पण और भूमि-पूजन

**बायपास से शुरू होगा जुलूस अलीपुर चौराहे से होते हुए पार्वती नदी पर बने अटल सेतु, बांसबेड़ा मंदिर तक जाएगा।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




मध्य प्रदेश के नगरीय निकाय एवं विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय 25 जुलाई अर्थात आज शाम को आष्टा का एक दिवसीय दौरा करेंगे। वे यहां करोड़ों रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और भूमि पूजन करेंगे।

इस दौरान नगर पालिका आष्टा की अध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा ने बताया की मंत्री विजयवर्गीय का जुलूस बायपास चौपाटी से शुरू होगा। यह अलीपुर चौराहे से होते हुए पार्वती नदी पर बने अटल सेतु के लोकार्पण स्थल बांसबेड़ा मंदिर तक जाएगा। इस दौरान मार्ग में कई स्थानों पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का स्वागत भी किया जाएगा। वही विजयवर्गीय पार्वती नदी पर निर्मित नए अटल सेतु और दो घाटों का लोकार्पण भी करेंगे। साथ ही तीन संजीवनी क्लिनिक का उद्घाटन भी करेंगे। वे कमल तालाब के सौंदर्गीकरण कार्य और नए नगर पालिका भवन का भूमि पूजन भी करेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विधायक कार्यालय में बैठक हुई। इसमें विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर की अध्यक्षता में भाजपा के आठों मंडलों के अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष और पार्षद शामिल हुए।





# सड़क हादसे रोकने हाईवे से हटाए जा रहे मवेशी

**आवारा मवेशियों को पहुंचाया गोशाला**




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शुक्रवार को नगर में नगरीय विकास और आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के आगमन के सफाई मित्रों की टीम द्वारा नगर में विचरण कर रहे आवारा मवेशियों को पकड़कर दूरस्थ रूपेटा स्थित गोशाला में छुड़वाया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद कुमार प्रजापति ने बताया कि 25 जुलाई को नगर के नवनिर्मित पार्वती पुल अटल सेतु के लोकार्पण सहित अन्य विकास कार्यो के भूमिपूजन हेतु नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का नगरागमन है। जिसे दृष्टिगत रखते हुए यातायात व्यवस्था को सुगम बनाए रखने के उद्देश्य से नगर के मुख्य मार्गो पर विचरण कर रहे आवारा पशुओं को स्मार्ट केरल रेस्क्यू कैचिंग ट्रेलर वाहन के माध्यम से पकड़कर रूपेटा स्थित गौशाला में छुड़वाया गया है।




# ज्ञानवान स्वयं झुकते हैंः सानंद सागर


हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मायाचारी नहीं करें,आज लोग कदम -कदम पर मायाचारी कर रहे हैं।दो प्रतिमा जिन्होंने ली है वह पन्द्रह दिन का पाक्षिक प्रायश्चित के लिए पांच माला जपें और दो प्रतिमा से अधिक वाले कम से कम सात माला जपें। जिन्होंने प्रतिमाएं नहीं ली वे भी माला अवश्य जपें।जीवन में कम से कम दो प्रतिमा अवश्य लेवें।

महाव्रती बन कर आत्म कल्याण करें। सच्चे देव, सच्चे शास्त्र और सच्चे गुरु पर तीन मूढ़ताओं से रहित, सम्यकत्व के आठ अंगों के साथ तथा आठ मदों से मुक्त ज्यों का त्यों/ यथातथ्य अविचल श्रद्धान सम्यग्दर्शन है। सम्यकदर्शन दो प्रकार के होते हैं।निश्चय सम्यकदर्शन और व्यवहार सम्यकदर्शन है।आप देख लो कि कौन से सम्यकदृष्टि हो।ज्ञान वाले स्वयं भी झुकते हैं और उनके सामने दूसरे भी झुकते हैं। उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर चातुर्मास हेतु विराजमान आचार्य आर्जव सागर मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री सानंद सागर मुनिराज जी ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही। आपने सभी को बताया कि सम्यकदर्शन प्राप्त कैसे हो,देव, शास्त्र और गुरु के निमित्त से सम्यकदर्शन हो गया, वहीं सर्वश्रेष्ठ है। सम्यकदर्शन के तीन भेद है।जो वीतराग, सर्वज्ञ और हितोपदेशी है, वहीं सच्चे देव हैं, किंतु जो वीतराग, सर्वज्ञ और हितोपदेशी नहीं है ,उसे सच्चा देव कैसे कहेंगे ?क्षायक सम्यक दृष्टि को ही मोक्ष होगा। सम्यकदृष्टि जानबूझकर जीव की हिंसा नहीं करते है, अगर भूल से जीव हिंसा हो जाएं तो प्रायश्चित अवश्य लेते हैं। मुनिश्री ने कहा प्रत्येक जैनी का प्रथम कर्तव्य है देव दर्शन नित्य करें। धर्म सभा में अवश्य बैठे , वहां जिनवाणी सुन-सुन कर सम्यकदृष्टि बन सकते हो।जाति स्मरण, धार्मिक कार्यों से देव गति मिलेगी और जाति स्मरण होगा कि जैन था और धर्म सभा में यह सुना था। यही से संस्कार लेकर देव गति जाओं। जिनबिम्ब दर्शन से अनेक कर्मों का नाश हो जाता है। भगवान का वैभव देखें, तीनों लोकों में देवों का आना-जाना लगा रहता है। कभी भी किसी के बारे में गलत नहीं बोले। धर्म श्रवण सभी चारों गतियों में बताया है।

# विद्यार्थियों को नए स्कूल भवन की समस्याओं से मिलेगी निजात, जाम से भी मिल सकेगी मुक्ति

**संदीपनि सीएम राइस विद्यालय में पुराने के साथ नए भवन में कक्षाएं शुरू**





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

भोपाल नाके के पास स्थित सांदीपनि सीएम राइस विद्यालय में 3750 छात्र-छात्राएं अध्यनरत है अब पुराने भवन के साथ-साथ नए भवन में भी कक्षाएं संचालित होने से व्यवस्था में सुधार हुआ है साथ ही कन्नौद मार्ग पर स्कूल की छुट्टी के समय परेशानी भी नहीं हुई। बता दे कि बीते एक हफ्ते से विद्यालय के पुराने भवन से जैसे ही स्कूल की 5 बजे छुट्टी होती थी तो जाम सी स्थिति निर्मित हो जाती थी इस दौरान वाहन चालकों के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को भी दुर्घटना का भय बना हुआ था लेकिन आज से मुगली रोड स्थित सांदीपनि सीएम राइस विद्यालय के नए भवन में कुछ कक्षाएं शुरू की गई है जिससे अव्यवस्था में सुधार हुआ साथ। सांदीपनि सीएम राइस विद्यालय के प्राचार्य शितवत खान ने बताया कि विद्यालय में इस बार 3750 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत है विद्यालय के अंतर्गत बुधवारा, स्कूल भोपाल नाका का उत्कृष्ट विद्यालय और मुगली रोड स्थित संदीपनी सीएम राइस विद्यालय का नया भवन में कक्षाएं संचालित की जा रही है। जैसे ही पूरा भवन बनकर तैयार होगा वहां पर पूरा स्कूल शिफ्ट किया जाएगा नए भवन में सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। विद्यालय में जरूरत के हिसाब से 40 बसों की जरूरत है लेकिन कंपनी ने 10 बसे ही पहुंचाई छात्र छात्राओं के हिसाब से 40 बसों की जरूरत है जो कि ग्रामीण क्षेत्र से छात्र-छात्राओं को लेकर आएंगे अभी 10 बसों में दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है बसें उपलब्ध नहीं होने कारण छात्र-छात्राओं को अपने स्तर से विद्यालय आना पड़ रहा है।

# नदी में जल सत्याग्रह करने वाले पिपलिया, सालारसी खेजड़ाखेड़ा गांव के किसानों ने दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



जावर तहसील की पंचायत पिपलिया सालारसी खेजड़ा खेड़ा गांव के ग्रामीणों ने भूमि पूजन के लगभग 1 वर्ष पूर्ण होने के बाद भी नदी पर पुल का काम न लगने से नाराज होकर बीच नदी में बैठकर धरना प्रारंभ कर दिया था धरना दो दिन से चल रहा है तब किसानों ने क्षेत्र के लोकप्रिय नेता पूर्व अध्यक्ष नगर परिषद जावर शैलेश कुमार वैद्य के नेतृत्व में तहसील जावर पहुंचकर कलेक्टर सीहोर के नाम तहसीलदार जावर ओम प्रकाश चोरमा को ज्ञापन सौंप पूर्व नपा अध्यक्ष जावर शैलेश कुमार वैद्य ने कहा कि ग्राम पंचायत पिपलिया सालारसी खेजड़ाखेड़ा के किसान एवं ग्रामीण विगत दो दिनों से बीच नदी में बैठकर पुल का निर्माण कार्य प्रारंभ करने की मांग कर रहे हैं।

गांव के किसान केवल यही जानना चाहते हैं कि उनके गांव के पुल का कार्य कब प्रारंभ किया जाएगा। गांव में आए नेताओं ने एक साल पहले भूमि पूजन कर दिया था। और कहा था कि 2 दिन में काम लग जाएगा। परंतु आज लगभग 1 वर्ष बीत चुका है गांव के लोग आज भी परेशानी उठा रहे हैं ग्रामीणों का कहना है कि जनप्रतिनिधियों ने हमारे गांव का मजाक बनाया है। यदि निर्माण कार्य प्रारंभ करना ही नहीं था तो भूमि पूजन का दिखावा क्यों किया।

पुल निर्माण न होने की वजह से ग्राम के लोगों ने ज्ञापन में कलेक्टर सीहोर से मांग की है कि हमारे गांव के पुल का निर्माण जल्द से जल्द करवाया जाए ताकि स्कूल जाने वाले छोटे बच्चे बीमार बुजुर्ग गर्भवती महिलाएं एवं अपने खेत पर जाने वाले किसानों को सहूलियत हो सके। सभी किसानों ने ज्ञापन में कहा है कि यदि हमारे पुल का निर्माण जल्द नहीं किया गया तो हम लोग उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। क्षेत्र के जनपद सदस्य ऋषि पटेल ने भी ग्रामीणों के साथ उपस्थित रहकर आंदोलन में पूरा सहयोग देने का भरोसा दिलाया। पूर्व नपा अध्यक्ष शैलेश कुमार वैद्य ने कहा कि यदि मांग पूरी नहीं हुई तो अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के विरुद्ध न्यायालय भी जाएंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से आचार्य हरि ठाकुर ,विजेंद्र सिंह ठाकुर, अरविंद सिंह ठाकुर, मानसिंह ठाकुर ,मनोहर मालवीय, विक्रम मालवीय, हरि सिंह मालवीय मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# थानों में नशे से होने वाले दुष्प्रभाव की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार 15 जुलाई से 30 जुलाई तक चलाए जा रहे नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत 24 जुलाई को अनुभाग आष्टा पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक महोदय सीहोर दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनिता रावत के मार्गदर्शन में अनुभाग आष्टा के थाना आष्टा, थाना पार्वती, थाना जावर और थाना सिद्दीकगंज द्वारा कस्बा क्षेत्र में मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभियान के तहत अनुभाग आष्टा के थाना आष्टा , पार्वती, जावर और थाना सिद्दीकगंज की पुलिस द्वारा नगर, ग्राम रक्षा समितियों के सदस्यो को सार्वजनिक स्थानो पर आमजन से संवाद कर व शार्ट फिल्म ,वीडियो, रील दिखाकर, बैनर, पोस्टर लगाकर और पम्पलेट वितरित कर नशे के दुष्प्रभाव, नशा मुक्त जीवन के लाभ तथा नशे को सामाजिक बुराई के रूप मे प्रदर्शित किया और नशे से दूर रहने का संदेश दिया एवं प्रोत्साहित किया। नशे के आदी लोगो को नशे की लत छुडवाने पुर्नवास केन्द्र व चिकित्सीय सहायता लेने की जानकारी दी। और गांव, नगर में आसपास रहने वाले लोगो को नशा नही करने समाईश देने को कहा। हेल्पलाईन नम्बरो 14446 की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के समापन पर नशा मुक्त समाज के निर्माण हेतु स्लोगन लगाये एवं शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम मे ग्राम और नगर रक्षा समिति के सदस्य, आमजन, पत्रकार बन्धु एवं पुलिस स्टाफ उपस्थित रहे।

### तपोभूमि देवबड़ला में हरियाली अमावस्या पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

# स्नान, दान कर श्रद्धालुओं ने की शिव की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



मां नेवज नदी के उद्गम स्थल व पुरातात्विक धरोहर देवांचल धाम देवबड़ला बिलपान में अमावस्या के पवन पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ ने बाबा महादेव के दर्शन किए मंदिर समिति के अध्यक्ष ओंकार सिंह भगत ने बताया सावन मास की अमावस्या को हरियाली अमावस्या कहते हैं। इस दिन स्नान, दान और शिव पूजन और पितृों का तर्पण किया जाता है। इस दिन शिव पूजन का भी विशेष महत्व है, क्यों कि यह सावन की अमावस्या है, इस दिन भगवान शिव को बेलपत्र, फल आदि अर्पित कर उनका रुद्राभिषेक कराना भी उत्तम रहता है। इस अमावस्या का नाम ही हरियाली अमावस्या है, इस दिन पेड़ लगाने से भी शुभ फल मिलता है। खासकर आम, आंवला, बड़ का पेड़ आदि लगाने चाहिए। इस दिन सबसे पहले स्नान करके काले तिल और जल से पितरों का तर्पण देना चाहिए, इससे पितर प्रसन्न होते हैं। इससे पितृ दोष से मुक्ति मिलती है और परिवार में सुख-शांति बनी रहती है। हरियाली अमावस्या के दिन पितरों के नाम की दीपदान बहुत शुभ माना जाता है। पितरों के लिए किसी तालाब या पवित्र नदी के किनारे अपने पितरों के नाम का दीपक जरूर जलाएं । इसके अलावा शाम के समय आप पीपल के पेड़ के पास भी दीपक जला सकते हैं, क्योंकि इसमें ब्रह्मा ,विष्णु, महेश तीनों देवताओं का वास माना जाता है। इससे भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की कृपा मिलती है। देवबड़ला स्मारक इंचार्ज कुंवर विजेंद्र सिंह भाटी ने कहा हरियाली अमावस्या का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना है. यह त्योहार हमें याद दिलाता है कि हम प्रकृति के ऋणी हैं और हमें इसे सुरक्षित रखने के लिए पूरा प्रयास करना चाहीए देवबड़ला क्षेत्र की सबसे बड़ी धरोहर है क्षेत्र वासियों के लिए आस्था का बड़ा केंद्र होने से तीज़ त्योहारों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां नेवज नदी के पवित्र जल से स्नान कर बाबा विल्वैश्वर महादेव का जलाभिषेक व पुजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख शांति व समृद्धि के लिए मंगल कामनाएं करते हैं पुरातत्व अधीकारी डॉ.रमेश यादव के अनुसार आगे की कार्ययोजना तैयार कि जा रही है जल्दी ही चोथे मंदिर का डिपीआर तैयार कर जिर्णोद्धार का काम शुरू किया जायेगा।

# हरियाली कार्यक्रम की हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




नवांकुर सखी हरियाली यात्रा आयोजन मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड के ग्राम भीलखेड़ी सड़क में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद सदस्य कैलाशनारायण पटेल विकासखंड समन्वयक, भगवत शरण लोधी देवराज पटेल मुकेश राठौर द्वारा किया गया। नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति भीलखेडी सड़क द्वारा नवांकुर सखियों को बीज रोपित थैलियों का वितरण किया गया। नवांकुर सखी इन बीजा रोपित/अंकुरित थैलियों से पौधारोपण कर पेड़ बनने तक उसकी देखभाल की जाएगी। उपस्थित नवांकुर सखियों द्वारा कार्यक्रम में भजनों की प्रस्तुति दी गई जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही। यात्रा में महिलाएं, ढोल मंजीरा सहित भजन, कीर्तन करती रही तथा पर्यावरण संरक्षण के नारे लगाती रहीं। भगवत शरण लोधी, विकासखंड समन्वयक द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराते हुए बताया कि विकासखंड आष्टा के पांचो सेक्टर में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जावेगा। कार्यक्रम में कैलाश नारायण पटेल ने कहा कि नवांकुर सखी हरियाली यात्रा कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण के लिए म.प्र. जन अभियान परिषद की अभिनव पहल है। नवांकुर सखी कार्यक्रम अंतर्गत नवांकुर संस्था एवं स्वैच्छिकता के आधार पर स्थानीय महिला शक्ति द्वारा पर्यावरण संरक्षण संबंधित गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जावेगा। कार्यक्रम का संचालन देवराज पटेल ने तथा आभार राधेश्याम वर्मा ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में लखन वर्मा अंकित राहुल कमलेश वर्मा देवनारायण श्री राम रवि अमन रितेश नवांकुर संस्था, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, सीएमसीएलडीपी के छात्र, ग्रामवासी उपस्थित रहे।